छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

तृतीय विधान सभा सत्र-द्वादश अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 18 फरवरी, 2013

(माघ-29, शक संवत 1934)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री दीपक कुमार पटेल, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि " माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

डॉ.सुभाऊ कश्यप, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनाँक **21, 22 एवं 25 फरवरी, 2013** की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर **मंगलवार, दिनाँक 19 फरवरी, 2013** को **अपराह्न 3.00** बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

पूर्वाह्न 11.58 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 19 फरवरी, 2013 (माघ-30, शक संवत् 1934) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा